इस्तीफा इस्तीफे के पीछे व्यक्तिगत कारण बताया

वन मंडल अधिकारी ने दिया इस्तीफा

पीसीसीएफ को भेजा रिजाइन लैटर

विगत 7 जनवरी को अनूपपुर से तबादला होकर आए थे शहर

नवभारत,जबलपुर। मध्यप्रदेश कैडर के 2013 बैच के भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारी विपिन पटेल ने इस्तीफा दे दिया है। जानकारी के अनुसार विगत 7 जनवरी को शासन से तबादले आदेश जारी हुए थे जिसके बाद श्री पटैल जबलपुर वनमंडलाधिकारी, कार्य आयोजना इकाई जबलपुर के पद पर सेवाएं देने आए थे। इसके पहले विपिन पटैल अनूपपुर में वन मंडल अधिकारी सामान्य वनमंडल सेवाएं दे रहे थे तबादले के बाद वे जबलपुर आकर वन मंडल अधिकारी , कार्य आयोजना इकाई जबलपुर में शासकीय सेवाएं देने लगे थे। इस्तीफा के पीछे का कारण श्री पटैल के द्वारा व्यक्तिगत बताया गया है। जानकारी के अनुसार विपिन पटैल मूलत: भोपाल निवासी हैं।

प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट एंड हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स को भेजे गए इस्तीफे में विपिन पटैल ने कहा है कि वे अपनी आईएफएस सर्विस से अनकंडीशनल इस्तीफा दे रहे हैं, जिसकी वजह निजी है। विगत 4 फरवरी 2026 को भेजे इस्तीफे में विपिन पटैल ने ये भी कहा है कि उनका इस्तीफा कांपीटेंट अथॉरिटी को फॉरवर्ड करें और आईएफएस सेवा से उन्हें मुक्त किया जाए। पटेल ने इस्तीफे की कॉपी वन विभाग के सचिव को भी भेजी है।

मंजूरी पर अभी भी सवाल

जानकारों की माने तो उनका स्पष्ट कहना है कि जब तक शासन उनका इस्तीफा मंजूर नहीं कर लेती तब तक ये रिजाइन लैटर किसी काम का नहीं है। अब देखना होगा कि शासन वन मंडल अधिकारी के इस्तीफे को मंजूर करती है या फिर कोई अन्य आदेश जारी करती है। इसलिए इस्तीफे की मंजूरी पर भी अभी सवाल बना हुआ है।

शादी समारोह में चाकू से गोद युवक की हत्या

रामपुर से मादा पहुंची थी बारात, खुशियां मातम में बदली

जबलपुर। पाटन थाना अंतर्गत ग्राम मादा में रामपुर से पहुंची बारात के दौरान एक युवक की हत्या कर दी गई। अज्ञात हमलावर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर फरार हो यगा। घायल को इलाज के लिए पाटन स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया इस बीच मेडिकल में इलाज के दौरान घायल ने दाम तोड़ दिया। हत्या किसने और किन कारणों से की इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पतासाजी कर रही है। हर एंगल पर छानबीन चल रही है वहीं वारदात से शादी की खुशियां मातम में बदल गई। पुलिस के मुताबिक कृष्णा अहिरवार 28 वर्ष निवासी धनवंतरीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पेंट पुट्टी का काम करता है। बुधवार को बबलू अहिरवार निवासी रामपुर की शादी ग्राम मादा में हो रही थी जिसकी बारात में हम लोग ग्राम मादा आये थे रात लगभग 11-30 बजे बारात लग रही थी डीजे बज रहे थे जैसे ही मंदिर के आगे पीपल के पेड़ के पास पहुंचा तो देखा सुनील अहिरवार निवासी हिनौतिया का पट्ट अवस्था में पड़ा था जिसे पैर में चोट थी, उसने अपने साथी राकेश चौधरी, महेश चौधरी और अंकित चौधरी की मद्द से सुनील को पलटाकर देख पेट में भी चोट थी अचेत अवस्था में था, उपचार के लिए एम्बुलेंस से शासकीय अस्पताल पाटन लेकर गये जहां से जबलपुर रेफर कर दिया जहां उसकी मौत हो गई। किसी अज्ञात व्यक्ति ने सुनील अहिरवार को जान से मारने की नियत से चाकू से हमलाकर पेट एवं जांघों में हमला कर हत्या की है ।

खाली मालगाड़ी पटरी से उतरी, विभाग में मचा हड़कंप

जबलपुर, नवभारत। जबलपुर रेल मंडल के न्यू कटनी जंक्शन के बी-केबिन के पास बुधवार की रात उस समय हडक़ंप मच गया, जब एक मालगाड़ी का खाली डिब्बा अचानक रेल पटरी से उतर गया। ये घटना मालगाड़ी के डिब्बों की शंटिंग के दौरान हुई, जिसमें कुल सात डिब्बे शामिल बताए जा रहे हैं। ये डिब्बा खाली था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, तकनीकी स्टाफ और बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे। रेलवे की राहत एवं बहाली

टीम ने युद्धस्तर पर कार्य शुरू करते हुए आधुनिक उपकरणों की मदद से पटरी से उतरे डिब्बे को पुन:ट्रैक पर चढ़ाने का कार्य किया। घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद देर रात डिब्बे को सुरक्षित रूप से ट्रैक पर स्थापित कर दिया गया। इस दौरान एहतियातन अप और डाउन दोनों लाइनों पर रेल यातायात को नियंत्रित रखा गया, जिससे किसी बड़े व्यवधान की स्थिति उत्पन्न न हो। बहाली कार्य पूर्ण होने के बाद रेल यातायात को सामान्य रूप से बहाल कर दिया गया। घटना के बाद कुछ समय के लिए रेलवे परिसर में अफरा-तफरी का माहौल रहा, हालांकि स्थिति पर शीघ्र ही नियंत्रण पा लिया गया। रेलवे विभाग द्वारा फिलहाल यह जांच की जा रही है कि मालगाड़ी का डिब्बा किन तकनीकी या परिचालन कारणों से पटरी से उतरा।

केवल दवाइयों द्वारा हार्ट का इलाज
बिना एंजियोग्राफी
बिना एंजियोप्लास्टी
बिना बाईपास सर्जरी
बिना भर्ती किये
Google 4.9 STAR
23 वर्ष के अनुभव के साथ
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. अतुल महेरे
सटीक सलाह से 5 लाख से ज्यादा लोगों को लाभ
समय 11.00 से 5.00
स्पंदन हार्ट क्लीनिक
पता-भंवरताल पार्क चौराहा, नेपियर टाउन, जबलपुर मो.-7805082378

एसीएस व डीजीपी से हलफनामे में मांगा जवाब

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने सागर जिले में पुलिस थानों का स्टिंग ऑपरेशन करने वाले पत्रकारों द्वारा उजागर की गई अनियमितता के मामले में गृह विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी व डीजीपी को हलफनामे पर कार्रवाई के संबंध में जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। मामले पर गुरुवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से मामले से जुड़े वीडियो व ऑडियो रिकॉर्डिंग भी पेश की गई, जिसे रिकॉर्ड पर लेते हुए जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस आरसीएस बिसेन की युगलपीठ ने उक्त निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 20 फरवरी को निर्धारित की है।

दरअसल 30 नवंबर 2025 को स्टिंग ऑपरेशन के आधार पर सागर के चार पुलिस थानों से अवैध रूप से शराब, ड्रग्स, स्पा सेंटरों मे देह व्यापार का संचालन को लेकर अखबारों में खबर प्रकाशित की गई थी। पत्रकारों ने पुलिस थाना गोपालगंज, मकरोनिया, मोती नगर एवं बहेरिया में किया गया स्टिंग किया था, जिनके आधार पर खबर प्रकाशित की गई थी। इस मामले में जबलपुर की एडवोकेट यूनियन फॉर डेमोक्रेसी एंड सोशल जस्टिस संस्था की ओर से एक जनहित याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता पुष्पेंद्र कुमार शाह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि लोकतांत्रिक देश में जिन पर कानून की रक्षा करने का दायित्व है उन्हीं अधिकारियों द्वारा कानून को हाथ में लेकर अवैध कार्य किया जा रहा है। याचिका में मांग की गई कि इस मामले में स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

MAHARISHI VIDYA MANDIR & MAHARISHI KIDS HOME
NAPIER TOWN JABALPUR
(Affiliated to C.B.S.E. Affiliation No. 1030295)
ब्रह्मलीन महर्षि महेश योगी जी
Special Discount in Admission Fee
ADMISSION OPEN 2026-27
* Co-Ed English Medium School
* Play Nursery- XII(12th- All Stream)
756, Napier Town Jabalpur (MP)
Phone : 0761-2411124, 4004988
Mobile No. : 9179701523, 7974333753
E-mail : mvmjabalpur2@mssmail.org
Brahmachari Dr. Girish Ji Chairman MVM School Group

अत्याधुनिक मशीनों द्वारा इलाज
मुँहासे | झांइयाँ
सफेद दाग | खुजली
दाद | चर्म रोग
हेयरफॉल | रंग गोरा करें
स्किन हेयर एण्ड सौन्दर्य क्लीनिक
बुरन हटाये तिल, मस्से, टैटू, सफेद दाग
(सोमवार मंगलवार बुधवार)
डॉ. ए.कुमार
B.Sc., B.H.M.S (Skin & VD) Pune
C.C.C.L.A.M (Cosmetologist) IICSAM,
C.C.M.T (Trichologist) IICSAM
पता- 846, छत्रपति भवन, राईट टाउन, नया महावीर जैन मंदिर, गोल बाजार, जबलपुर (म.प्र.)
मो. नं. 9307854830, 7389098734

SHIVAM CERAMIC JABALPUR
महाकौशल का सबसे बड़ा शो-रूम
टाइल्स, इटैलियन मार्बल, ग्रेनाइट, सेनेटरी वेअर
GROHE, Bath Fitting, QUTONE, COLORTILE, SERON & LAVISH टाइल्स की आधुनिक रेंज
MG शो-रूम के बाजू में, नागपुर रोड, मदन महल, जबलपुर - 9425188774, 8224045555
QUTONE

Sanjay Agrawal
Babu Bhai Sweets
Babu Bhai SWEETS
Damoh Naka Chowk, Jabalpur - M.P. MO :- 9826522199

Hero WORLD'S NUMBER 1 MOTORCYCLE & SCOOTER COMPANY FOR 25 YEARS IN A ROW
Hero
फ्यूचर लक्स
GLAMOUR X
भारत की सबसे फ्यूचरिस्टिक 125cc
क्रूज़ कंट्रोल
एक्सचेंज बोनस ₹2500/-*
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक
HDFC BANK FESTIVE TREATS SBI card क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs
एक्स-शोरूम कीमत ₹84,811#
फ्यूचर एक्सपीरियंस करें
TOLL FREE NO. 1800 266 0018
Hero GoodLife Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at selectdealerships. *Limited period offer, T&C Apply. #Ex-showroom price of Glamour X Drum variant in Madhya Pradesh. ^T&C apply.
अधिकृत डीलर: जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, एसोशिएट डीलर: पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांडुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरूकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रूसिया मोटर्स 9425822392, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन : रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 7999328251, गढ़: अंबे मोटर्स, 9752666969, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.
FCB INTERFACE /8486/JANUARY26/HINDI

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57